# Immigration Detention Facility Conditions of Entry
# इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी (अप्रवास बंदीगृह स्थल) में प्रवेश की शर्तें

Australian
BORDER FORCE

Form
1512B HIN
HINDI

## *प्रवेश की शर्तें*

### पहचान संबंधी आवश्यकताएं

इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी में, प्रवेश करने से पहले सभी व्यक्तिओं, जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक (वयस्क) है, को अपने आवेदनपत्र में दिए निर्देशनुसार अपनी पहचान के 100 प्वाइंट्स के दस्तावेज और एक रंगीन फोटो प्रदान करना आवश्यक होगा ।

- जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, नागरिकता प्रमाण पत्र या पासपोर्ट के समान विशेषताओं वाले अन्य प्रकार के दस्तावेज, जिसमें राजनयिक दस्तावेज (या एक Immicard) शामिल हैं, से 70 प्वाइंट्स मिलते हैं।
- कॉमनवेल्थ (केन्द्र सरकार), ऑस्ट्रेलियाई राज्य या राज्य-क्षेत्र (टेरिटॉरी) द्वारा जारी ड्राइविंग लाइसेंस या परमिट से 40 प्वाइंट्स मिलते हैं।
- अन्य दस्तावेजों के मिश्रण का उपयोग बाकी प्वाइंट्स बनाने के लिए किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए, Australian Border Force (ABF) (ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल (ABF)) की वेबसाइट **https://www.abf.gov.au/about-us/what-we-do/border-protection/immigration-detention/visit-detention/identification-guidelines** देखें

16 वर्ष या उससे अधिक आयु के नाबालिगों को प्रवेश पर अपनी पहचान के लिए एक दस्तावेज प्रदान करना आवश्यक है, जिस पर नाबालिग का नाम हो जैसे कि ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट (यदि पासपोर्ट मान्य नहीं है तो यह पिछले दो वर्षों में वैध होना ज़रूरी है), मेडिकेयर कार्ड, रियायत कार्ड या छात्र पहचान पत्र ।

16 वर्ष से कम आयु के नाबालिगों को आम तौर पर उनकी पहचान के सबूत दिखाए बिना प्रवेश दिया जाएगा, बशर्ते कि प्रवेश करने वाला एक जिम्मेदार वयस्क जो विजिटर एप्लीकेशन (आने वाले आगंतुक के आवेदन पत्र) में निर्दिष्ट व्यक्ति के तौर पर उनके साथ हो।

यदि फोटो पहचानपत्र में आपका वर्तमान पता शामिल नहीं है, तो पहचान के लिए एक अतिरिक्त दस्तावेज प्रदान किया जाना ज़रूरी है। यह ज़रूरी है कि अतिरिक्त पहचान दस्तावेज के स्वीकार योग्य प्रकार किसी संघीय, राज्य या स्थानीय सरकारी अधिकारी, किसी आर्थिक संस्थान, या यूटिलिटी (जनोपयोगी/बिजली, पानी, गैस आदि) सेवा प्रबंधक द्वारा जारी किए गए हों और इसमें आपका वर्तमान पता और नाम दोनों के विवरण शामिल हों। पहचान दस्तावेज के स्वीकार्य प्रकारों के उदाहरणों में बांड जमा करने की रसीद, कौंसिल रेट्स नोटिस, बैंक विवरण (स्टेटमेंट) या अन्य यूटिलिटी बिल शामिल हैं, लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं है।

### कानूनी व्यवसायी और/या माइग्रेशन एजेंट

यदि आप एक कानूनी व्यवसायी और/या माइग्रेशन एजेंट हैं, तो इस फ़ॉर्म में निर्धारित शर्तों के अतिरिक्त, आपको निम्नलिखित भी प्रदान करना होगा:

- कानूनी व्यवसायी/माइग्रेशन एजेंट के रूप में आपके स्टेटस (पद) का प्रमाण;
- संबंधित कॉर्पोरेट लेटरहेड पर लिखित पुष्टि कि आप किसी फर्म/व्यवसाय द्वारा एक सॉलिसिटर, बैरिस्टर, पैरा-लीगल या माइग्रेशन एजेंट के रूप में कार्यरत हैं;
- उन प्रत्येक बंदी का/बंदियों के नाम और हस्ताक्षर, जिन्होनें फर्म से कानूनी परामर्श माँगा है और उनका प्रतिनिधित्व करने का अनुरोध किया है; तथा
- सबूत कि बंदी ने उनसे मुलाकात करने के लिए सहमति प्रदान की है।

### स्वास्थ्य पेशेवर

यदि आप एक स्वास्थ्य पेशेवर हैं (डिटेंशन स्वास्थ्य सेवा प्रदाता द्वारा नियुक्त नहीं), तो इस फॉर्म में निर्धारित शर्तों के अतिरिक्त, आपको निम्नलिखित भी प्रदान करना होगा:

- एक चिकित्सक या अन्य संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवर के रूप में आपके पद का प्रमाण;
- सम्बंधित रोजगार का प्रमाण; तथा
- सबूत कि बंदी ने आपसे मुलाकात करने के लिए सहमति प्रदान की है।

### प्रवेश करने वाला आधिकारिक व्यक्ति

यदि आप प्रवेश करने वाले एक आधिकारिक व्यक्ति हैं (बाहरी जांच निकाय, कानून प्रवर्तन एजेंसी या राज्य/क्षेत्र कल्याण एजेंसी के प्रतिनिधि), तो इस फॉर्म में निर्धारित शर्तों के अलावा, आपको निम्नलिखित भी प्रदान करना होगा:

- आपके व्यवसाय/नियोक्ता का प्रमाण; तथा
- यदि आप किसी बंदी (बंदियों) से संपर्क करना चाहते/चाहती हैं, तो इस बात का सबूत कि बंदी/बंदियों ने आपसे मुलाकात करने के लिए सहमति प्रदान की है।

### संसदीय और सरकारी प्रतिनिधि

यदि आप एक संसदीय और सरकारी प्रतिनिधि हैं और किसी बंदी (बंदियों) के साथ जुड़ना चाहते/चाहती हैं, तो आपको इस फ़ॉर्म में निर्धारित शर्तों के अलावा इस बात का सबूत देना आवश्यक होगा कि बंदी/ बंदियों ने आपसे मुलाकात करने के लिए सहमति प्रदान की है।

### कांसुलर अधिकारी या विदेशी सरकार के प्रतिनिधि

यदि आप एक कांसुलर अधिकारी या विदेशी सरकार के प्रतिनिधि हैं, तो इस फॉर्म में निर्धारित शर्तों के अलावा, आपको इस बात का सबूत देना होगा कि बंदी ने आपसे मुलाकात करने के लिए सहमति प्रदान की है।

### स्वयंसेवक, सामुदायिक समूह और प्रवेश करने वाले वे लोग जो आध्यात्मिक देखभाल प्रदान करते हैं

यदि आप एक स्वयंसेवक और/या एक सामुदायिक समूह के सदस्य हैं जो बंदियों के लिए अनुमोदित कार्यक्रमों और गतिविधियों का संचालन करने के लिए एक इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी का दौरा करना चाहते/चाहती हैं, तो इस फॉर्म में निर्धारित शर्तो के अलावा, आपको ऑस्ट्रेलियाई फ़ेडरल पुलिस जाँच और कानून द्वारा आवश्यक अन्य उपयुक्त जाँचों से गुजरना होगा, जिसमें (जहां प्रासंगिक हो) 'वर्किंग विद वल्नरेबल चिल्ड्रन/पीपल चेक्स' (अतिसंवेदनशील बच्चों/लोगों के साथ काम करना जाँच) शामिल है।

### ठेकेदार (कांट्रेक्टर)

यदि आप इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी के भीतर काम करने वाले ठेकेदार हैं, तो इस फॉर्म में निर्धारित शर्तों के अतिरिक्त, आपको निम्नलिखित करना होगा:

- इंडक्शन के दौरान (प्रवेश के आरम्भ में) आपको बताए गए सभी निर्देशों का पालन करें, जिसमें यह शामिल है कि आपको किस जगह काम करने की अनुमति दी गई हैं और Facilities and Detainee Service Provider (FDSP) (सुविधाएं और बंदी सेवा प्रदाता (FDSP)) के कर्मचारी द्वारा आपको किस समय एस्कॉर्ट (मार्गरक्षण) किया जाना ज़रूरी है;
- जिस कार्य का आपने उत्तरदायित्व लिया है उसे करने के लिए आपके पास सभी उपयुक्त लाइसेंस, मान्यताएँ और बीमा होना ज़रूरी है;

© COMMONWEALTH OF AUSTRALIA, 2022

- आपके पास किसी भी सेवा की शुरूआत या प्रावधान से पहले ऑस्ट्रेलियाई फ़ेडरल पुलिस पृष्ठभूमि जाँच होनी ज़रूरी है;
- जहाँ टूल्स (औजारों/उपकरणों) की आवश्यकता होती है:
  - इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी में केवल ऐसे उपकरण और औजार लाएँ जो विशिष्ट कार्य अभी हो रहा है उसके लिए आवश्यक हों, और किसी भी उपकरण को देखरेख के बिना न छोड़ें;
  - सुनिश्चित करें कि सभी उपकरणों/औजारों को उनके पूर्ण विवरण के साथ टूल रजिस्टर में लॉग इन (दर्ज) किया जाता है, और बाहर जाने पर FDSP स्टाफ सदस्य द्वारा इन्हें लॉग आउट किया जाता है;
  - सुनिश्चित करें कि जिन भी उपकरणों या औजारों को स्थल पर छोड़ा जाना है वे FDSP स्टाफ की देखरेख में उचित रूप से सुरक्षित रखें गए हैं; तथा
  - काम पर पहनने की उपयुक्त वस्तुएँ पहनें (जैसे उच्च दृश्यता वाले कपड़े और काम के समय पहनने वाले बूट) ।

## प्रवेश करने वाले सभी व्यक्ति

इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी में सभी आगंतुकों (विज़िटरों) को प्रवेश और बाहर जाते समय एक आगंतुक रजिस्टर (विजिटर रजिस्टर) पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता होती है।

सभी आने वालों आगंतुकों और उनके सामान को प्रवेश की शर्त के रूप में सुरक्षा जांच से गुजरने का अनुरोध किया जाएगा। इसमें हैंड-हेल्ड स्कैनर, वॉक-थ्रू स्क्रीनिंग, एक्स-रे और नशीली वस्तुओं का पता लगाने वाली वस्तुओं का उपयोग शामिल हो सकता है। नशीली वस्तुओं की जाँच में जासूसी कुत्तों का उपयोग शामिल किया जा सकता है। कोई अधिकारी आपके पास मौजूद वस्तुओं का निरीक्षण करने का अनुरोध कर सकता/ सकती है, और/या उन वस्तुओं को एक्स-रे स्क्रीनिंग के माध्यम से निकाले जाने का अनुरोध कर सकता/ सकती है। आप इस अनुरोध का पालन करने के लिए बाध्य नहीं हैं। हालाँकि, यदि आप पालन नहीं करते/करती हैं, तो आपको इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी में प्रवेश से वंचित किया जा सकता है।

यह ज़रूरी है कि आप शराब या नशीली दवाओं के प्रभाव में न हों।

आने वालों सभी आगंतुकों को प्रवेश की शर्त के अनुसार स्वास्थ्य जांच से गुजरने का अनुरोध किया जाएगा। स्वास्थ्य जांच प्रक्रिया को संबंधित क्षेत्राधिकार वाली सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों और अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों की सलाह से सूचित किया जाता है और इसे हमारी इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी में प्रवेश करने वाले COVID-19 सहित बीमारी के जोखिम को कम करने के उद्देश से बनाया गया है। इसमें शामिल हो सकते हैं, उदाहरण के लिए, एक स्वास्थ्य जांच प्रश्नावली, तापमान परीक्षण और COVID-19 निगरानी परीक्षण।

यदि आप स्वास्थ्य जांच प्रक्रिया में खरे नहीं उतरते/ती हैं, या आपके स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में संदेह है तो:

- आपको इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी में प्रवेश नहीं दिया जाएगा; तथा
- आपको फिर से आने का समय निर्धारित करना होगा।

आने वालों आगंतुकों को यह सबूत देने की आवश्यकता हो सकती है कि वे अपने **COVID-19 टीकाकरण के साथ अप टू डेट हैं।**

आपको स्वच्छता/संक्रमण नियंत्रण उपायों का पालन करना होगा, जिसमें हाथ की स्वच्छता, खांसने से जुड़े शिष्टाचार और किसी भी शारीरिक दूरी की आवश्यकता शामिल है, लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। आपको मास्क पहनने के लिए कहा जा सकता है। किसी भी स्वच्छता अनुरोध का पालन करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप आपकी मुलाकात समाप्त की जा सकती है।

आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित किए जाना आपकी इच्छा पर निर्भर करता है। आपकी व्यक्तिगत जानकारी Department of Home Affairs (गृह मामलों के विभाग) (विभाग) की ओर से इमीग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटीज पर स्वास्थ्य जांच करने वाले अनुबंधित कर्मचारियों द्वारा एकत्र की जाएगी।

आपकी व्यक्तिगत जानकारी को एक रजिस्टर में शामिल किया जाएगा और कानून के दायरे में इसका इस्तेमाल और खुलासा किया जा सकता है (जिसमें विभाग भी शामिल है) (**गोपनीयता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी** देखें)।

आपको सार्वजनिक स्थान के हिसाब से उचित कपड़े पहनने होंगे, जिसमें ऐसे कपड़े न पहनना शामिल है जिनपर ऐसे चित्र या नारे लिखें हों जो नाराज़गी का कारण बन सकते हैं। पेशेवर संगठनों के प्रतिनिधियों ने अगर निर्धारित वर्दी या प्रतिनिधित्व वाले कपड़े नहीं पहनने हैं तो उन्हें पेशेवर ढंग से (व्यावसायिक पोशाक) कपड़े पहनने चाहिए। कार्य पर स्वास्थ्य और सुरक्षा कारणों से, यह ज़रूरी है कि बंद जूते पहने जाएँ (ऊँची एड़ी के जूते नहीं)।

अप्रवासन हिरासत में रहने वाले व्यक्ति द्वारा मिलने से इंकार करने पर आपको उनके अधिकार का सम्मान करना होगा।

## इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी के अंदर  वस्तुएँ लाना

आपको उन वस्तुओं को इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी में लाने का प्रयास नहीं करना चाहिए जिन्हें लाने पर ऑस्ट्रेलियाई कानून द्वारा रोक लगाई गई है। ऑस्ट्रेलियाई कानून में कामनवेल्थ, राज्य या टेरिटरी (राज्य-क्षेत्र) का कानून शामिल है। आपके व्यक्ति या आपके कब्जे में पाए गए किसी भी निषिद्ध वस्तु को आपको वापस नहीं दिया जायेगा और पुलिस को उल्लेखित किया जायेगा ।

यह ज़रूरी है कि आप नियंत्रित वस्तुओं को इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी में लाने का प्रयास न करें। नियंत्रित वस्तुएँ वे हैं जो ऑस्ट्रेलिया में कानूनी तौर पर आपके पास हो सकती हैं लेकिन जिन्हें स्वास्थ्य, गोपनीयता, सुरक्षा, इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी की रक्षा या अच्छी स्थिति के लिए जोखिम माना जाता है और इनकी अनुमति नहीं है। यदि आप इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी में पहुंचते हैं और ये वस्तुएँ आप के पास हैं, तो आपको कर्मचारियों को इनके बारे में बताना होगा और आगंतुक क्षेत्र में अपने प्रवेश से पहले इन वस्तुओं को जमा करना होगा। अगर आपके पास ऐसी वस्तुएँ हैं, जो स्वास्थ्य, गोपनीयता, सुरक्षा, इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी की रक्षा या अच्छी स्थिति के लिए जोखिम पेश कर सकती हैं, तो आपको इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

यदि आप सुनिश्चित नहीं हैं कि कोई वस्तु प्रतिबंधित या नियंत्रित है या नहीं, तो आपको इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी में प्रवेश करने से **पहले** निरीक्षण अधिकारी को उस वस्तु की घोषणा करनी चाहिए। यदि आपके आने के दौरान व्यक्तिगत वस्तुओं को संग्रहीत करने की आवश्यकता हो तो लॉकर उपलब्ध हो सकते हैं। निषिद्ध और नियंत्रित वस्तुओं के उदाहरण इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी प्रवेश स्थलों के पास स्थित संकेतों पर प्रदर्शित होते हैं और ABF's की वेबसाइट **https://www.abf.gov.au/about-us/what-we-do/border-protection/immigration-detention/visit-detention** पर सूचीबद्ध हैं।

यह ज़रूरी है कि किसी बंदी के लिए लाई गई किन्हीं सामग्रियां और वस्तुओं को सुरक्षा जांच के लिए आगंतुकों के रिसेप्शन (स्वागत क्षेत्र) में दे दिया जाए, और हो सकता हैं कि इन्हें ऊपर उल्लिखित कारणों से अंदर ले जाने से रोक दिया जाये।

हिरासत में रखे गए लोगों की संपत्ति की मात्रा पर अधिकतम सीमाएं लागू हैं। आगंतुकों द्वारा लाई गई वस्तु के कारण यदि यह सीमा से अधिक हो जाती है या हो जाएगी  तो उसे अस्वीकार किया जा सकता है ।

कोई भी व्यक्तिगत वस्तुएँ जिसे आपको इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी में ले जाने की अनुमति है, वे आपकी ज़िम्मेदारी है। इमीग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटीज में उपस्थिति के दौरान अगर आपकी कोई वस्तु खो जाती है या उसका नुकसान होता है तो विभाग आपकी व्यक्तिगत वस्तुओं के नुकसान या क्षति के लिए कोई दायित्व स्वीकार नहीं करता है। आप ज़िम्मेदार हैं कि आप अपनी व्यक्तिगत वस्तुओं को अपने नियंत्रण में रखें और इमीग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटीज से जाते समय अपने साथ ले जाएँ।

## सहायक जानवर

सुविधाओं में आने वाले आगंतुकों से यह सबूत पेश करने का अनुरोध किया जा सकता है कि उनका जानवर एक सहायक जानवर है या कि जानवर को इमीग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटीज में प्रवेश की अनुमति देने से पहले स्वच्छता और व्यवहार के उचित मानकों को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

यह ज़रूरी है कि आगंतुक द्वारा सहायता पशु की निगरानी हर समय की जाए और उसे इमीग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटीज के क्षेत्र में अस्थायी रूप से और केवल यात्रा के लिए अनुमत समय के दौरान ही रखा जाए।

आगंतुकों को सुरक्षा जांच प्रक्रियाओं के अनुसार सहायक पशु की स्क्रीनिंग की अनुमति देनी चाहिए। आगंतुकों को इन  प्रक्रियाओं में सहायता करने के लिए कहा जा सकता है। इसमें संभवतः सहायक जानवर के कपड़ों की खोज शामिल हो सकती है।


© COMMONWEALTH OF AUSTRALIA, 2022

## मुलाकात के दौरान आचरण

आपको इमीग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटीज नियमों का पालन करना होगा, और कर्मचारियों द्वारा दिए गए किसी भी उचित निर्देश का पालन करना होगा। आप स्वीकार करते/करती हैं कि मुलाकात का स्थल एक सार्वजनिक स्थान है। आपको दूसरों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार करना होगा और ऐसा व्यवहार जो अप्रवासन बंदी या अन्य आगंतुकों को परेशान या नाराज़ न करे। आप ऐसे व्यवहार को प्रोत्साहित नहीं करेंगे/करेंगी या उसमें शामिल नहीं होंगे/ होंगी जो इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटीज की सुरक्षा, अच्छी व्यवस्था या सुरक्षा उपायों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

आपको प्रदान की गई विजिटर आइडेंटिफिकेशन (आगंतुक पहचान- पत्र/कार्ड) इस तरह से पहननी होगी जो आपकी यात्रा के दौरान हर समय कर्मचारियों को दिखाई दे और जब तक कर्मचारियों द्वारा फैसिलिटीज के अन्य क्षेत्रों तक पहुंच की अनुमति नहीं दी जाती है, तब तक आपको आपको मुलाकात के लिए निर्धारित क्षेत्र में रहना होगा।

यह ज़रूरी है कि आप तब तक अप्रवासन सहायता प्रदान न करें जब तक कि आप अप्रवासन सहायता प्रदान करने के लिए अनुमत व्यक्ति न हों। *Migration Act 1958* (Migration Act) इस बात पर कड़े प्रतिबंध लगाता है कि किसी अन्य व्यक्ति को कौन अप्रवासन सहायता प्रदान कर सकता है। The Migration Act निर्धारित करता है कि कौन सी कार्रवाइयां आप्रवासन सहायता का गठन करती हैं। यदि कोई ऐसा व्यक्ति अप्रवासन सहायता प्रदान करता/करती है जिसे ऐसा करने की अनुमति उसे नहीं दी गई हैं तो वह ऐसा करके अपराध करता/करती है और उस पर $10,000 से अधिक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

साथ में आने वाला कोई भी नाबालिग आपकी ज़िम्मेदारी है और हर समय आपके द्वारा उसकी निगरानी की जानी ज़रूरी है।

अगर आपको किसी बंदी या अन्य आगंतुकों के बारे में कोई चिंता है तो उसका उल्लेख स्टाफ को करें। अपनी किसी संभावित चिंता की रिपोर्ट आप कैसे करें, इस बारे में विज़िट क्षेत्र में नोटिस प्रदर्शित किए गए हैं।

## प्रवेश से इनकार करना और मुलाकातों को रद्द करना

Immigration Detention Visitor Program (इमिग्रेशन डिटेंशन विज़िटर प्रोग्राम) के तहत व्यक्तिगत रूप से मुलाकात को स्वास्थ्य, रक्षा और सुरक्षा सहित (लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं) परिचालन के लिहाज से किसी भी समय अस्थायी रूप से निलंबित किया जा सकता है।

आपको इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी में प्रवेश से मना किया जा सकता है या आपकी मुलाकात समाप्त कर दी जा सकती है यदि:

- आप अपने अधिकार में सभी वस्तुओं की घोषणा करने में विफल रहते/रहती हैं;
- आप पिछले आपराधिक दोष सिद्धियों की घोषणा ब्योरेवार करने में विफल रहते/रहती हैं;
- आप अपनी मुलाकात की पर्याप्त अग्रिम सूचना प्रदान करने में विफल रहते/रहती हैं, मुलाकात के लिए स्वीकृति प्राप्त नहीं करते/करती हैं, या आपके पास प्रवेश करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है;
- आप अपनी पहचान का पर्याप्त सबूत प्रदान करने में विफल रहते/रहती हैं;
- आप नियुक्त क्षेत्रों में बने रहने में विफल रहते/रहती हैं;
- आप उन नाबालिगों, जिनके लिए आप जिम्मेदार हैं, की निगरानी और हर समय उनके साथ रहने में विफल रहते/रहती हैं;
- आप उपयुक्त कपड़े या बंद जूते पहनने में विफल रहते/रहती हैं;
- आप प्रवेश की इन शर्तो को स्वीकार करने और/या हस्ताक्षर करने से इनकार करते/करती हैं;
- आप इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी द्वारा दिया गया पहचानपत्र (जहाँ सूचित किया गया है) अपने साथ लाने से इनकार करते/करती हैं;
- इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी में जिन वस्तु(ओं) की अनुमति नहीं है उन्हें आप सौंपने से इंकार करते/करती हैं;
- आप सुरक्षा और/या स्वास्थ्य जांच या निरीक्षण प्रक्रियाओं से गुजरने से इनकार करते/करती हैं;
- आपके आचरण को इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी या इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी में रहने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा, अच्छी स्थिति या सुरक्षा उपायों के लिए अनुपयुक्त, आक्रामक या खतरा माना जाता है;
- किसी अधिकारी को संदेह है कि आप शराब या अवैध पदार्थों के प्रभाव में हैं;
- किसी अधिकारी को संदेह है कि आप अस्वस्थ हैं;
- किसी अधिकारी को संदेह है कि इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी में जिन वस्तु(ओं) कि अनुमति नहीं है आप उन्हें ले जा रहें/रही हैं;
- किसी अधिकारी को संदेह है कि आप किसी भी समय प्रवेश की इन शर्तों का पालन करने में विफल रहे/रही हैं;
- इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी में सुरक्षा, अनुशासन, या अव्यवस्था या अपराध की रोकथाम के संबंध में मुद्दे उत्पन्न हुए हैं;
- खुफिया या जोखिम से संबंधित मुद्दे, और/या
- अन्य परिचालन सम्बन्धी कारण।

इमिग्रेशन डिटेंशन में अपनी मुलाकात को समाप्त किये जाने या आपके प्रवेश या किसी भी वस्तु के प्रवेश से मना करने के किसी भी निर्णय का आपको सम्मान करना होगा। अगर कहा जाए, तो आपको इमिग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी को तुरंत छोड़ कर चले जाना होगा। ऐसा करने से इनकार करने से भविष्य में आपकी मुलाकात करने की क्षमता प्रभावित हो सकती है और पुलिस को सूचित किया जा सकता है।

## शिकायतें और प्रतिक्रिया

आप अपनी मुलाकात के समय शिकायत दर्ज कर सकते/सकती हैं या प्रतिक्रिया प्रदान कर सकते/सकती हैं। अधिक जानकारी विभाग की वेबसाइट **https://www.homeaffairs.gov.au/help-and-support/departmental-forms/online-forms/complaints-compliments-and-suggestions** पर उपलब्ध है।

## गोपनीयता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी

आपकी व्यक्तिगत जानकारी *Privacy Act 1988 (गोपनीयता अधिनियम 1988)* सहित कानून द्वारा सुरक्षित है। आपकी व्यक्तिगत जानकारी के संग्रह, उपयोग और प्रकटीकरण (अन्य एजेंसियों और विदेशी संस्थाओं सहित) के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी जिसमें संवेदनशील जानकारी शामिल है, वह फॉर्म 1553 के *Privacy Notice Visitors to immigration detention facilities (आप्रवासन निरोध सुविधाओं के आगंतुक के लिए गोपनीयता सूचना)* में पायी जा सकती है जो ABF की वेबसाइट या सुविधाओं पर उपलब्ध है। फॉर्म भरने से पहले आपको यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि आपने फॉर्म 1553 को पढ़ और समझ लिया है।

## अधिक जानकारी

इमीग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी विवरण, संपर्क जानकारी, खुलने का समय और आवेदन फॉर्म सहित अधिक जानकारी ABF की वेबसाइट **https://www.abf.gov.au/about-us/what-we-do/border-protection/immigration-detention/visit-detention** से प्राप्त की जा सकती है।

© COMMONWEALTH OF AUSTRALIA, 2022

# *Agreement*

**All visitors must read the *Conditions of Entry* on pages 1–3 of this form and sign this Agreement before entering the immigration detention facility.**

I declare that:

- I have read the *Conditions of Entry* on pages 1–3 of this form.
- I am not bringing any prohibited or controlled items into this immigration detention facility.

I understand that:

- failure to comply with the above conditions may result in:
  - refusal of entry to the immigration detention facility;
  - termination of the visit;
  - removal from the immigration detention facility; and

  that any such failure may negatively impact the approval of any application I may make for future visits to this or any other immigration detention facility.
- by signing this Agreement, I agree to comply with the *Conditions of Entry* on pages 1–3 of this form.

I acknowledge that:

- the Department collects personal information from me and that I have read the information contained in form 1553 *Privacy Notice Visitors to immigration detention facilities*. I consent to the collection, use and disclosure by the Department of my personal information, and the personal information of any accompanying minors of which I am the parent or guardian, for those purposes set out above and/or as described in form 1553 or as otherwise authorised or required by an Australian law.

# *अनुबंध*

**सभी आगंतुकों को इस फॉर्म के पृष्ठ 1–3 पर *प्रवेश की शर्तों* को पढ़ना होगा और इमीग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी में प्रवेश करने से पहले इस अनुबंध पर हस्ताक्षर करना होगा।**

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि:

- मैंने इस फॉर्म के पृष्ठ 1–3 पर *प्रवेश की शर्तें* पढ़ ली हैं।
- मैं इस इमीग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी में कोई प्रतिबंधित या नियंत्रित वस्तु नहीं ला रहा/रही हूँ।

मैं समझता/समझती हूँ कि:

- उपरोक्त शर्तों का पालन करने में विफलता का परिणाम निम्लिखित हो सकता है:
  - इमीग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी में प्रवेश से इनकार;
  - मुलाकात को रद्द किया जाना;
  - इमीग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी से हटाया जाना; तथा

  यह कि ऐसी कोई भी विफलता मेरे द्वारा इस या किसी अन्य इमीग्रेशन डिटेंशन फैसिलिटी के भविष्य के दौरों के लिए किए जाने वाले किसी भी आवेदन के अनुमोदन को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है।
- इस समझौते पर हस्ताक्षर करके, मैं इस फॉर्म के पेज 1–3 पर *प्रवेश की शर्तों* का पालन करने के लिए सहमत हूँ ।

मैं स्वीकार करता/करती हूँ कि:

- विभाग मुझसे व्यक्तिगत जानकारी करता है और पूछता है कि मैंने फॉर्म 1553 में *Privacy Notice Visitors to immigration detention facilities* में निहित जानकारी को पढ़ लिया है। मैं अपनी और किसी भी नाबालिग जिसका/जिसकी मैं माता-पिता या अभिभावक हूँ, उसकी व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करने, उपयोग करने और प्रकटीकरण के लिए सहमति देता/देती हूँ, उन उद्देश्यों के लिए जो ऊपर और/या फॉर्म 1553 में वर्णित हैं या अन्यथा ऑस्ट्रेलियाई कानून द्वारा अधिकृत या आपेक्षित हैं।

Your full name
आपका पूरा नाम

**Your signature**
**आपके हस्ताक्षर**

Day / Month / Year
दिन / महीना / वर्ष

Date
तारीख  / /


© COMMONWEALTH OF AUSTRALIA, 2022